रुद्रप्रयाग की चार ग्रामीण सड़कों का काम महिला मंगल दलों को सौंपा

हिन्दुस्तान एक्सक्लूसिव

रुद्रप्रयाग | बद्री नौटियाल

गांवों की सड़कों को दुरुस्त करने का काम अब ठेकेदार नहीं महिला मंगल दल करेंगी। रुद्रप्रयाग जिले से इसकी शुरुआत कर दी गई है। यदि परिणाम अच्छे निकले तो राज्य के दूसरे जिलों में भी इसे लागू किया जाएगा। रुद्रप्रयाग में गांवों को जोड़ने वाली चार सड़कें पीएमजीएसवाई ने रखरखाव के लिए महिला मंगल दलों को सौंपी हैं। बर्सू और तूना ग्राम सभाओं की 250 महिलाओं ने गुलाबराय-तूना-बौंठा मोटर मार्ग के रखरखाव का काम शुरू कर दिया है। पीएमजीएसवाई ने महिलाओं को सड़क के रखरखाव के लिए जरूरी उपकरण भी दिए हैं। चारों सड़कों पर इन गांवों की करीब आठ सौ से अधिक महिलाएं काम करेंगी। पीएमजीएसवाई के सहायक अभियंता विजयपाल सिंह नेगी ने बताया कि पहले यह सभी काम ठेकेदार से कराए जाते थे। अब महिलाओं को यह काम देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।

यह हैं सड़कें

- गुलाबराय-तूना-बौठा मोटर मार्ग 10.5 किमी, धनराशि 6 लाख
- कोल्लू बैंड-स्वारी ग्वांस मोटर मार्ग 8.30 किमी, धनराशि 6 लाख
- रायड़ी-अरखुंड मोटर मार्ग 5.63 किमी, धनराशि 3.13 लाख
- कोट-लोंगा मोटर मार्ग 4.84 किमी, धनराशि 2.73 लाख

ये काम करेंगी महिलाएं

महिलाएं सड़क के मध्य भाग को छोड़कर साइड पर कार्य करेंगी। इसमें झाड़ी कटान, नाली बनाना, बंद नाली खोलना, स्क्रबर खोलना, सड़क पर आए हल्के मलबे को हटाने का काम शामिल है। इन सड़कों के रखरखाव के लिए महिला मंगल दलों के साथ एक साल का अनुबंध किया गया है। मजदूरी महिला मंगल दलों के खाते में जमा की जाएगी।

"ग्रामीण सड़कों की देखभाल का काम महिला मंगल दल को दिया गया है। यदि प्रयोग के सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे तो अन्य मार्गों पर भी इसे शुरू किया जा सकता है।"
डॉ. राघव लंगर, डीएम, रुद्रप्रयाग

गुलाबराय तूना-बौंठा मोटर मार्ग पर कार्य करतीं तूना और बर्सू ग्राम पंचायत की महिलाएं। • हिन्दुस्तान

लालकुआं में पर्दाफाश रैली में पूर्व सीएम भुवन चंद्र खंडूड़ी ने साधा कांग्रेस और सीएम हरीश रावत पर निशाना

भाजपा की योजनाएं कांग्रेस ने रोकीं: खंडूड़ी

लालकुआं/हल्द्वानी | हमारे संवाददाता

पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को भ्रष्टाचार में गले तक डूबी सरकार करार दिया है। सीएम हरीश रावत पर सवाल खड़े करते हुए उन्होंने कहा कि रावत प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री हैं, जिनके स्टिंग की सीडी बनी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार पर लगाम कसने के लिए लोकायुक्त कानून बनाया था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने इस कानून को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया।

पूर्व सीएम और गढ़वाल सांसद खंडूड़ी शुक्रवार को लालकुआं में भाजपा की पर्दाफाश रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने भाजपा सरकार की अच्छी योजनाओं को बंद करने के अलावा कोई काम नहीं किया। हालत यह हो चुकी है कि प्रदेश सरकार के पास 108 एंबुलेंस चलाने को भी पैसा नहीं है। खंडूड़ी ने कहा कि पिछली सरकार ने युवाओं के रोजगार के लिए पारदर्शी व्यवस्था की थी, जिसे वर्तमान सरकार ने पूरी तरह खत्म कर दिया है। कहा कि जनता को कांग्रेस के सभी घोटालों की जानकारी है। कानून व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा करने में यह सरकार पूरी तरह फेल साबित हुई। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री बची सिंह रावत ने कहा कि वाजपेयी सरकार में जिस उद्देश्य से उत्तराखंड राज्य बनाया गया, आज वह अपनी दिशा से भटक गया है।

प्रदेश उपाध्यक्ष धन सिंह रावत ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों से परेशान कई कांग्रेसी नेता भाजपा में शामिल हुए हैं। भाजपा विधायक मदन कौशिक ने कहा कि प्रदेश में खनन की लूट मची है। आरोप लगाया कि लालकुआं में मंत्री और उनके करीबी अवैध खनन में लिप्त हैं। कौशिक ने कहा कि कुमाऊं में भाजपा की जीत की शुरुआत लालकुआं विधानसभा से होगी। देहरादून के रायपुर से पूर्व विधायक उमेश शर्मा काऊ ने कहा कि सरकार ब्लैकलिस्टेड कंपनियों को निर्माण के ठेके देकर भ्रष्टाचार कर रही है। वहीं हल्द्वानी में पत्रकारों ने खंडूड़ी से पूछा कि क्या खंडूड़ी जरूरी हैं। सवाल सुनते ही खंडूड़ी जोश में आ गए। हंस कर बोले, मैं क्या जानूं, आप हाइकमान से पूछिए। मुझे जो जिम्मेदारी देंगे, मैं वो निभाऊंगा।

हल्द्वानी में शुक्रवार को पत्रकारों से वार्ता करते सांसद भुवन चंद्र खंडूड़ी और विधायक मदन कौशिक। • हिन्दुस्तान

रावत राज में भ्रष्टाचार की शुरुआत: सतपाल

रामनगर | हमारे संवाददाता

भाजपा की पर्दाफाश रैली में पूर्व विधायक अमृता रावत ने सीएम हरीश रावत पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पृथक राज्य बनने के 16 साल बाद भी देवभूमि की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान है। वहीं भाजपा नेता सतपाल महाराज ने कहा कि सीएम हरीश रावत के राज में प्रदेश में भ्रष्टाचार की शुरुआत हुई है।

अमृता ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव जीत कर भाजपा भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकेगी। शुक्रवार शाम चार बजे भाजपा की पर्दाफाश रैली का आगाज पूर्व सांसद और भाजपा नेता सतपाल महाराज और पूर्व विधायक अमृता रावत के नेतृत्व में हुआ। एमपी इंटर कॉलेज गेट से भाजपा की पर्दाफाश रैली कोसी रोड होते हुए मोहल्ला पैठपड़ाव स्थित रामलीला सभागार में खत्म हुई। जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद सतपाल महाराज ने कहा कि भाजपा तिरंगा और पर्दाफाश रैली के माध्यम से कांग्रेस के घोटालों को जनता तक पहुंचा रही है। कहा कि दोनों रैलियों को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है।

हरीश रावत प्रदेश के पहले सीएम हैं, जो इतने आरोप लगने के बाद भी कुर्सी नहीं छोड़ रहे हैं। कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार की शुरुआत हरीश रावत राज से हुई है।

सतपाल महाराज। • हिन्दुस्तान

अभी 70 और लालबत्ती मांगेंगे किशोर उपाध्याय

रणनीति

देहरादून | प्रमुख संवाददाता

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष किशोर उपाध्याय मुख्यमंत्री हरीश रावत से पार्टी के 70 और कार्यकर्ताओं को निगम, परिषद और आयोग में एडजस्ट करने का दावा करने जा रहे हैं। 132 कार्यकर्ताओं के नाम की लिस्ट किशोर पहले ही मुख्यमंत्री को भेज चुके हैं। इन्हें मिलाकर संगठन की ओर से मांगी जा रही लालबत्तियों की संख्या 200 हो जाएगी।

शुक्रवार को राजीव भवन में मीडिया से बातचीत में किशोर ने एक बार फिर दोहराया कि संगठन ही सर्वोपरि है। खुद मुख्यमंत्री जी ने कार्यकर्ताओं को दायित्व देने की इच्छा जाहिर की थी। उनकी इच्छा के मुताबिक ही कार्यकर्ताओं के नाम उन्हें दिए जा रहे हैं।

यह पूछने पर पहली लिस्ट ही अब तक फैसला नहीं हुआ है तो दूसरी को भेजने का फायदा क्या? किशोर ने कहा कि दायित्व देना मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार था।

मैंने अपना काम कर दिया है। राजीव भवन में कांग्रेस के मंत्रियों को हफ्ते में एक दिन बैठने की योजना को भी किशोर ने मुख्यमंत्री के पाले में डाल दिया। उन्होंने कहा कि 24 अगस्त को दिल्ली में हुई समन्वय समिति की बैठक में यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री की ओर से आया था। उम्मीद है कि जल्द ही इस पर काम शुरू हो जाएगा।

श्रमिक संगठनों की हड़ताल को समर्थन देते हुए किशोर ने केंद्र सरकार पर भी तीखा हमला बोला। कहा कि, केंद्र की भाजपानीत सरकार के कार्यकाल में आम आदमी के बुरे दिन आ चुके हैं। महंगाई दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। कांग्रेस हमेशा से श्रमिक हितों की रक्षा करती आई है। आगे भी श्रमिकों के आंदोलनों को कांग्रेस को पूरा समर्थन रहेगा।

सूची तैयार

- संगठन की ओर से मांगी जा रही लालबत्तियों की संख्या 200
- कहा, संगठन सर्वोपरि, कार्यकर्ताओं का होगा सम्मान

"भाजपा हर क्षेत्र में बेनकाब हो चुकी है। जनता समझ चुकी है कि लोकसभा चुनाव के दौरान अच्छे दिन लाने का वादा केवल भुलावा भर ही था। अब जनता खुद ही भाजपा को सबक सिखाएगी।"
किशोर उपाध्याय प्रदेश अध्यक्ष

910 करोड़ रुपये की योजना मंजूर

देहरादून। राज्य के शहरी क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था सुधारने के लिए 910 करोड़ की नगरीय पेयजल योजना को हरी झंडी मिल गई है। पेयजल मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने विधानसभा में विश्व बैंक पोषित इस योजना को स्वीकृति दी।

पेयजल मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने शुक्रवार को विधानसभा में जल निगम, जल संस्थान और स्वजल योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने 90 प्रतिशत पूरी हो चुकी योजनाओं का अवशेष भुगतान करने, आंवला घाट योजना के लिए 15 करोड़ जारी करने के निर्देश दिए।

100 मेगावॉट बिजली बनाएं: संसदीय सचिव विक्रम सिंह नेगी ने उरेडा को लघु विद्युत परियोजनाओं से 100 मेगावॉट बिजली बनाने के निर्देश दिए। विधानसभा में वैकल्पिक ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि उरेड़ा राज्य में अभी 34.90 मेगावाट बिजली का ही उत्पादन कर रहा है।

पेयजल फील्ड कर्मियों को सरकार देगी वेतन: जल निगम एवं जल संस्थान के फील्ड कर्मियों को सरकार विभाग के स्तर पर वेतन मजदूरी देने पर विचार कर रही है। पेयजल मंत्री ने अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

नाराज राज्य कर्मचारियों ने सख्त किए अपने तेवर

देहरादून | विशेष संवाददाता

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के आह्वान पर प्रदेश भर में विभिन्न विभागों के करीब 30 हजार कर्मचारियों ने दूसरे दिन भी चार घंटे का कार्य बहिष्कार किया। परिषद नेताओं ने सरकार को आगाह किया कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो छह सितंबर से पूरे दिन का कार्य बहिष्कार होगा।

देहरादून में विकास भवन कार्यालय में कार्य बहिष्कार के दौरान सभी कार्मिकों ने एकत्र होकर जिला अध्यक्ष चौधरी ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में सभा की। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर प्रहलाद सिंह ने कहा कि सरकार पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के आंदोलन का असर दिखने लगा है। वेतन समिति भी वेतन विसंगति के लंबित प्रकरणों के निस्तारण के लिए बैठक के पत्र जारी कर रही है। जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक फैसला नहीं हो जाता तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी। परिषद के प्रांतीय प्रवक्ता अरुण पाण्डे ने बताया कि अभी परिषद ने अनिवार्य सेवाओं स्वास्थ्य, बिजली, कोषागार आदि को आंदोलन से अलग रखा है। यदि समय रहते उनकी मांगें पूरी नहीं की जाती हैं तो परिषद को मजबूर होकर एक बड़े आंदोलन की घोषणा करनी पड़ सकती है। पाण्डे ने दावा किया कि पूरे प्रदेश में परिषद का आंदोलन जोर पकड़ रहा है। ब्लॉक, तहसील एवं जिला मुख्यालयों पर एकत्र कर्मचारी अपना रोष व्यक्त कर रहे हैं। सभा में पीसी सैनी, रविन्द्र मोहन सकलानी, शक्ति प्रसाद भट्ट, सीपी सुयाल, ओमवीर सिंह, आरएस बिष्ट, पीएस पोखरिया, राजेश प्रसाद, अंजू बडोला, रेनु लाम्बा, रोशनी सती, गुड्डी मटूडा, एमपी शाही, मनोज बडोनी, भोपाल सिंह, कैलाश पाण्डे, सुरेश प्रसाद सेमवाल, दीपक पुरोहित, राजेन्द्र सिंह गुसांई, देवराज सिंह, सुरेन्द्र सिंह चौहान, रमेश सिंह नेगी, रामानन्द नौटियाल आदि कर्मचारी नेता उपस्थित रहे।

साधा निशाना

- दूसरे दिन भी प्रदेशभर में किया चार घंटे का कार्यबहिष्कार
- छह सितंबर से पूरे दिन का कार्यबहिष्कार करेंगे कर्मचारी

देहरादून में शुक्रवार को विकासभवन पर राज्य कर्मचारियों ने चार घंटे कार्यबहिष्कार के दौरान धरना दिया। • हिन्दुस्तान

भाजपा प्रभारियों की लगी क्लास

हल्द्वानी। भाजपा के जिला प्रभारियों की शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में बैठक हुई। राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) शिव प्रकाश, प्रदेश प्रभारी श्याम जाजू, प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट और महामंत्री संजय गुप्ता ने प्रदेश से सभी 21 जिला प्रभारियों के साथ बैठक कर बूथ समितियों के गठन से लेकर पार्टी में दावेदारों को लेकर चर्चा की।

जिन जिलों की रिपोर्ट थोड़ा कमजोर मिली, उनके प्रभारियों को वरिष्ठ नेताओं से फटकार भी लगी। राष्ट्रीय नेताओं ने सामूहिक बैठक के साथ ही एक-एक कर बंद कमरे में बातचीत कर जिला प्रभारियों का मन टटोलने की कोशिश भी की।

हर गरीब के घर जलेगा चूल्हा

देहरादून। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट का कहना है कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता का प्रमाण है कि उन्होंने गरीब परिवारों को बिना परेशानी व आर्थिक बोझ के एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिये उज्ज्वला योजना को शुरू किया। इससे लकड़ी के चूल्हे के धुएं से महिलाओं के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले बुरे प्रभाव को रोका जा सकेगा।

भट्ट ने कहा कि मानकों के कारण उत्तराखंड के सभी जिलों के इस योजना से बाहर रह जाने को देखते हुए प्रदेश भाजपा ने केंद्र सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया था।

कांग्रेस की सरकार फेल :कोश्यारी

लोहाघाट | हमारे संवाददाता

पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा और पानी की समस्या के समाधान के मामले में पूरी तरह फेल हो चुकी है। पीपीपी व्यवस्था का इतना विरोध होने के बाद भी कांग्रेस अपनी कमाई के चक्कर में यह व्यवस्था समाप्त नहीं कर रही है।

सांसद कोश्यारी ने लोहाघाट में पत्रकार वार्ता में कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मामलों में पीपीपी व्यवस्था पूरी तरह से फेल है, हां अन्य मामलों में पीपीपी व्यवस्था चल सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में कोई भी कार्य निष्पक्षता से नहीं हो रहा है। कांग्रेस सरकार कह रही है कि सूबे में डाक्टर नहीं हैं।

जबकि भाजपा के शासनकाल में डाक्टर ही डाक्टर थे। अब डाक्टर पहाड़ पर क्यों नहीं आ रहे हैं। कोश्यारी बोले कि सरकार पहाड़ पर डाक्टरों को भेजना ही नहीं चाहती है। उन्होंने कहा कि जहां तक पानी की समस्या के समाधान की बात है, सरकार तो पी-पी-और पी कहने में मस्त है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में खनन, शराब माफियाओं का राज हो गया है। सरकार को इनसे फुरसत मिले तो तब जनहित के मामलों में ध्यान दे।

साधा निशाना

- कहा, पीपीपी व्यवस्था को सरकार ने कमाई का जरिया बना लिया
- शिक्षा और स्वास्थ्य के मसले पर सरकार गंभीर नहीं

आपदा प्रबंधन योजना मंजूर

देहरादून। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने 13 जिलों में जिला आपदा प्रबंधन योजना को मंजूरी दी है। केदारनाथ धाम के 407 पुजारियों और भवन स्वामियों के पुनर्वास के लिए 18.89 करोड़ की राशि का भुगतान मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से करने पर भी प्राधिकरण ने मुहर लगा दी है।

मुख्यमंत्री हरीश रावत की अध्यक्षता में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में राहत एवं पुनर्स्थापन कार्य और वर्ष 2013 की आपदा में वायु सेना के बिलों के भुगतान के लिए 130 करोड़ जारी करने की स्वीकृति दी गई।

शिक्षकों को सेवा विस्तार

देहरादून। राजकीय पोलिटेकनिक और महिला पॉलिटेक्निक के संविदा शिक्षको को सरकार ने वर्ष 2016-17 के लिए सेवा विस्तार दे दिया। अपर सचिव पंकज पांडे ने निर्देश जारी कर दिए।

शहीदों को श्रद्धांजलि दी

देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट और सांसद भुवन चंद्र खंडूड़ी ने मसूरी गोली कांड में शहीद हुए आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हमें उनके सपनों को पूरा करना है।

टिहरी विधानसभा सीट पर वर्ष 2002 और 2007 में लगातार दो बार चुनाव जीतने वाले किशोर इस बार दुविधा में फंसे

कांग्रेस के कप्तान किशोर उपाध्याय की सीट ही क्लीयर नहीं

देहरादून | प्रमुख संवाददाता

विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश के जिन बड़े नेताओं की विधानसभा सीट को लेकर ऊहापोह की स्थिति है, उनमें कांग्रेस के कप्तान किशोर उपाध्याय का नाम भी शामिल है। टिहरी विधानसभा सीट पर वर्ष 2002 और 2007 में लगातार दो बार चुनाव जीते किशोर के लिए इस बार पार्टी के भीतर ही 'किंतु-परंतु' शुरू हो चुका है। इसकी वजह पीडीएफ है।

वर्ष 2012 के चुनाव में किशोर को जिन निर्दलीय प्रत्याशी दिनेश धनै ने हराया था, आज वो सरकार के संकट मोचक प्रगतिशील लोकतांत्रिक मोर्चा (पीडीएफ) के वरिष्ठ सदस्य हैं।

भविष्य में पीडीएफ के कांग्रेस में विलय होने या फिर कांग्रेस के सहयोग से चुनाव लड़ने की स्थिति में कांग्रेस को टिहरी सीट दोस्ती के नाम पर कुर्बान करनी पड़ सकती है। ऐसा माहौल कांग्रेस के भीतर बना भी हुआ है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस का एक बड़ा धड़ा चाहता है कि पीडीएफ के तीनों विधायक, मंत्रीप्रसाद नैथानी, हरीश चंद्र दुर्गापाल और धनै कांग्रेस के टिकट पर ही चुनाव लड़ें। पीडीएफ को लेकर पार्टी के भीतर समर्थन की इस लहर के कारण किशोर कैंप भी असमंजस में है। कैबिनेट मंत्री बनने के बाद से टिहरी में धनै ने अपना आधार काफी मजबूत कर लिया है वहीं कांग्रेस का स्थानीय संगठन खुद को कमजोर महसूस कर रहा है।

मैं तो कांग्रेस का सिपाही हूं। जो हाईकमान मुझे आदेश देगा, मैं वही करूंगा। हाईकमान का हर फैसला मेरे लिए अंतिम फैसला है। मैं कभी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं नहीं पालता।
किशोर उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष-कांग्रेस

ऋषिकेश, नरेंद्रनगर और रायपुर पर भी नजर

देहरादून। किशोर उपाध्याय ने विधानसभा चुनाव को लेकर अपने पत्ते अभी तक नहीं खोले हैं, लेकिन उनके समर्थक कुछ सीटों पर उनके लिए संभावनाएं तलाश रहे हैं। पीडीएफ विधायक दिनेश धनै को कांग्रेस से टिहरी सीट पर टिकट मिलने पर ऋषिकेश, नरेंद्रनगर और रायपुर सीट से किशोर के चुनाव लड़ने की संभावना है। यहां कांग्रेस के पास मजबूत प्रत्याशी भी नहीं है। स्थानीय समीकरण भी कुछ कांग्रेस और किशोर के पक्ष में हैं।

टिहरी विधानसभा सीट पर यह रहा परिणाम

वर्ष	विजयी प्रत्याशी	वोट	निकटतम प्रतिद्वंद्वी	वोट
2002	किशोर उपाध्याय	15,640	आरएन गुनसोला	11,712
2007	किशोर उपाध्याय	15,755	खेम सिंह चौहान	12,552
2012	दिनेश धनै	12,026	किशोर उपाध्याय	11,649

राजधानी

विकास में फिसड्डी हैं मुख्यमंत्री: गोयल

देहरादून। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विनय गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री हरीश रावत विकास में फिसड्डी साबित हुए हैं। इसीलिए वह भावनात्मक मुद्दों के सहारे अपनी चुनावी वैतरणी पार करना चाहते हैं। प्रदेश का विकास कभी उनका विषय रहा ही नहीं।

रामपाल सिंह और त्रिपाठी आज दून में

देहरादून। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ दून प्राथमिक शिक्षा की वर्तमान दशा और भविष्य पर मंथन करेगा। महामंत्री दिग्विजय सिंह चौहान ने बताया कि आज राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल सिंह और महासचिव कमलाकांत त्रिपाठी भी इसमें शिरकत करेंगे।

कांग्रेस आज तय करेगी अपनी चुनावी रणनीति

देहरादून। भाजपा की पर्दाफाश रैलियों के जवाब में कांग्रेस शनिवार को अपनी विकास संकल्प यात्राओं का खाका तैयार करने जा रही है। प्रवक्ता मथुरादत्त जोशी ने बताया कि बैठक में प्रदेश अध्यक्ष किशोर उपाध्याय, मुख्यमंत्री हरीश रावत मौजूद रहेंगे।

भाजपा में नहीं है कोई सर्वमान्य नेता: कांग्रेस

देहरादून। भाजपा के मुख्यमंत्री का प्रत्याशी घोषित करने के बजाए पार्टी के नाम पर चुनाव लड़ने को कांग्रेस ने भाजपा का डर बताया है। प्रदेश प्रवक्ता आरपी रतूड़ी, मनीष कर्णवाल ने कहा कि भाजपा के भीतर मुख्यमंत्री पद के लिए घमासान शुरू हो चुका है।

हेडमास्टरों की काउंसलिंग छह को

देहरादून। प्रमोशन के बाद हेडमास्टरों की नई तैनाती की प्रक्रिया शुरू हो रही है। छह सितंबर को राजीव गांधी नवोदय स्कूल में सभी 121 हेडमास्टरों को काउंसलिंग के जरिए तैनातियां दी जाएंगी। निदेशक आरके कुंवर ने बताया कि पंजीकरण सुबह 9.30 बजे से शुरू होंगे।

डिजिटल मास्टर प्लान का लोकार्पण

देहरादून। मुख्यमंत्री हरीश रावत ने शुक्रवार को सचिवालय में भागीरथी नदी घाटी विकास प्राधिकरण के डिजिटल मास्टर प्लान का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री निर्देश दिए कि मास्टर प्लान के अन्तर्गत विभिन्न विभाग सब प्लान तैयार करें। मुख्य सचिव से तीन महीने के भीतर यह प्लान तैयार कराने को कहा गया है।